मुख्यमंत्री ‘मिरर नॉउ समिट-छत्तीसगढ़ पाथ टू प्रोग्रेस’ में हुए शामिल

चर्चा में क्यों?

- 20 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित निजी होटल में टाईम्स ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम ‘मिरर नॉउ समिट-छत्तीसगढ़ पाथ टू प्रोग्रेस’में शामिल हुए और छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं सकारात्मक परिणामों पर अपनी बातें रखीं।

प्रमुख बिंदु

- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देश की आधी-से-अधिक आबादी किसान है और छत्तीसगढ़ में 75 फीसदी से अधिक लोग खेती-किसानी से जुड़े हैं। हमने किसानी को फायदे का व्यवसाय बनाया और उन्हें उपज का सही दाम देने का काम किया है।
- उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता न केवल कृषि केंद्रित रही, बल्कि इसके समानांतर हमने वनांचल में रहने वाले लोगों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में प्रभावी काम किया है।
- मुख्यमंत्री बघेल ने ‘गोधन न्याय योजना’से किसानों व पशुपालकों के जीवन में आए बदलावों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि इसे लागू करने से पहले शासन स्तर पर लंबा अध्ययन किया गया और उसके बाद ही लोगों को इससे जोड़ा गया।
- अब तक 265 करोड़ रुपए की गोबर की खरीदी और लगभग 300 करोड़ रुपए का वर्मीकम्पोस्ट तैयार हो चुका है। साथ ही 10 हज़ार 200 गोठानों में से 6500 गोठान स्वावलंबी हो चुके हैं।
- उन्होंने कहा कि गोठान में आजीविका के लिये बहुत सारी एलाइड गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं और 13 हज़ार से अधिक स्व-सहायता समूहों की 2 लाख से अधिक महिलाओं को रोज़गार मिल रहा है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों का दायरा घटा है और इन इलाकों में विकासात्मक कार्यों को बढ़ावा दिया गया है। अब वनांचलों में 67 प्रकार की वनोपज की खरीदी की जा रही है। वन उत्पादों के वैल्यू एडिशन से मुनाफे में बढ़ोतरी हुई है। देश का सबसे बड़ा मिलैट प्लांट छत्तीसगढ़ में स्थापित किया गया है और समर्थन मूल्य में इसकी भी खरीदी की जा रही है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-participated-in-mirror-now-summit-chhattisgarh-path-to-progress